# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–26.10.2024 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक कार्यक्रम की 115वीं कडी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर होगा। कार्यक्रम आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर ऐप पर भी उपलब्ध रहेगा।

*****************

विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए मतदाता सूचना पर्ची मतदाता तक पहुंचाने का कार्य़ आज से शुरू हो चुका है। इस बारे में जानकारी देते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि 5 नवंबर तक यह प्रक्रिया जारी रहेगी। इस दौरान अपने ठिकाने पर अनुपस्थित मतदाता, जिनका निधन हो चुका हो या जो किसी दूसरे स्थान पर चले गये हों, उनकी मतदाता सूचना पर्ची 5 नवंबर के बाद निर्वाचन पदाधिकारी के पास जमा कराना होगा।

*****************

झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए कुल एक हजार छह सौ नौ पर्चे भरे गए हैं। पहले चरण के लिए नामांकन भरने का काम कल संपन्न हो गया। पहले चरण में 13 नवंबर को तैंतालीस निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा। नामांकन पत्रों की जांच 28 अक्टूबर को होगी। इस महीने की 30 तारीख तक उम्मीदवार अपना नामांकन वापस ले सकेंगे।

*****************

विधानसभा चुनाव को लेकर डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बिहार, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, ओडिशा और उत्तर प्रदेश के पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ संयुक्त रुप से ऑपरेशन चलाने पर सहमति बनी। बैठक के बाद डीजीपी श्री सिंह ने बताया कि राज्य में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन प्रतिबद्ध है।

*****************

दुमका जिले की चार विधानसभा सीटों के लिए दूसरे चरण में होने वाले चुनाव को लेकर प्रमुख प्रत्याशियों की तस्वीर लगभग साफ हो चुकी है । भारतीय जनता पार्टी, झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार उतर दिए हैं। भारतीय जनता पार्टी ने चार में से एक, दुमका विधानसभा सीट के लिए अपने पिछले उम्मीदवार को बदला है। पार्टी ने लुईस मरांडी की जगह सुनील सोरेन को उम्मीदवार बनाया है। बाकी तीन सीटों जामा, जरमुंडी और शिकारीपाड़ा के लिए उसने अपने पुराने उम्मीदवार सुरेश मुर्मू, देवेंद्र कुंवर और परितोष सोरेन पर ही भरोसा किया है। वहीं, झारखंड मुक्ति मोर्चा ने दुमका सीट से एक बार फिर निवर्तमान विधायक बसंत सोरेन को मैदान में उतारा है, जबकि जामा और शिकारीपाड़ा में उसने नए उम्मीदवार दिए हैं। जामा से उसने भाजपा छोड़कर झामुमो में शामिल हुई लुईस मरांडी को टिकट दिया है।

*****************

भाजपा नेता सीता सोरेन के खिलाफ कांग्रेस नेता इरफान अंसारी द्वारा दिए गए विवादित बयान पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शीर्ष नेता अपने मंत्री और विधायकों को खुली छूट दे रखे हैं इसीलिए आदिवासी नेता के खिलाफ इस तरह की आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहे हैं।

*****************

पलामू जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कई कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

******************

चक्रवाती तूफान दाना का असर झारखंड में अभी भी दिख रहा है। राज्य के सभी जिलों में बादल छाये हुए हैं। रांची, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला–खरसांवा समेत राज्य के कई हिस्सों में रिमझिम बारिश हो रही है। कई अन्य जिलों में भी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

******समाप्त******